के. प्रभाकरन

बनाम

पी. जयराजन

11 जनवरी, 2005

[आर. सी. लाहोती, मु.न्या., शिवराज व. पाटिल, के. जी. बालाकृष्णन, बी. एन. श्रीकृष्णा और जी. पी. माथुर, न्यायमूर्तिगण]

*लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951:*

*धारा 8(3)- अयोग्यता- निर्धारण- उम्मीदवार की दोषसिद्धि और सजा पर असर डालने वाला बाद का अपीलीय निर्णय- अयोग्यता पर प्रभाव- निर्णित: अयोग्यता का निर्धारण चुनाव की तारीख और नामांकन पत्र की जांच की तारीख के संदर्भ में किया जाना चाहिए न कि किसी चुनाव याचिका में या उसके खिलाफ अपील में निर्णय की तारीख के संदर्भ में- नामांकन या चुनाव की तारीख के बाद की तारीख के अपीलीय निर्णय का प्रभाव पहले किए जा चुके अयोग्यता को पीछे जा कर समाप्त करने का नहीं होगा- धारा 100(1)(ए) और (डी)(आई), 67 ए और 36(2)(ए)।*

*धारा 8(3)- 2 वर्षों के कारावास की अवधि- अयोग्यता के लिए- का निर्धारण- निर्णित: कारावास की अवधि निर्धारित करने के लिए, लगातार (एक के बाद एक) सज़ा के मामले में, सभी अपराधों के लिए सज़ा की कुल अवधि और समवर्ती सज़ा के मामले में, कारावास की कई अवधियों में से सबसे लंबी अवधि को ध्यान में रखा जाना चाहिए- अयोग्यता को आकर्षित करने के लिए, यह आवश्यक नहीं है कि अवधि एक ही अपराध के संबंध में होनी चाहिए- धारा 8 के प्रावधानों का अर्थ दंड प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों के अनुरूप में समझा जाना चाहिए- दंड प्रक्रिया संहिता, 1973- धारा 31।*

*धारा 8(4)- अयोग्यता से बचाव- लागू होना- निर्णित: बचाव केवल तब तक उपलब्ध है जब तक सदन जारी रहता है और उम्मीदवार सदन का सदस्य बना रहता है- यह तब लागू नहीं होता है जब सदन भंग हो जाता है या उम्मीदवार सदन का सदस्य नहीं रह जाता है।*

*भारत का संविधान, 1950:*

*अनुच्छेद 14- चुनाव में उम्मीदवार- अयोग्यता के उद्देश्य से 'सदन के सदस्य' और 'सदन के गैर-सदस्य' के रूप में वर्गीकरण- इस तरह के वर्गीकरण का औचित्य-निर्णित: ऐसा वर्गीकरण उचित है और उचित अंतर पर आधारित है और इसका सार्वजनिक उद्देश्य के साथ संबंध है- लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951- धारा 8(3) और (4)।*

*क़ानून की व्याख्या:*

*कानून के प्रावधान की व्याख्या और वैधानिक प्रावधान की विवेचना पर निर्णय- निर्णित: व्याख्या और निर्णय करते समय यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि यह दृष्टिकोण असंख्य स्थितियों पर लागू होगा- व्याख्या जिस के परिणामस्वरूप भ्रम, विसंगति, अनिश्चितता और व्यावहारिक कठिनाइयां हों, उस से बचना होगा।*

*कानूनी कल्पना- अर्थ और उपयोग- निर्णित: कानूनी कल्पना अस्तित्वहीन तथ्यों की कल्पना कर उन तथ्यों की स्थिति से उत्पन्न होने वाले परिणामों का अनुमान लगाती है- चूंकि यह केवल किसी निश्चित उद्देश्य के लिए बनाया गया है, इसलिए इसे उस उद्देश्य तक सीमित किया जाना चाहिए- इसे उस वैध क्षेत्र से परे फैलाना कानूनी कल्पना के उद्देश्य का अवैध विस्तार होगा।*

*शब्द और वाक्यांश:*

*लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 8 (3) के संदर्भ में "कोई भी अपराध"*

**इस न्यायालय के समक्ष विचार के लिए जो प्रश्न उठे थे वे थेः**

**(1) क्या चुनाव की तारीख के बाद की तारीख का ऐसा अपीलीय निर्णय जिस का किसी उम्मीदवार की दोषसिद्धि और उस पर पारित कारावास की सजा पर असर पड़ता है, का प्रभाव ऐसे उम्मीदवार की अयोग्यता को पीछे जा कर समाप्त करने का होगा जिस उम्मीद्वार को किसी भी अपराध के लिए दोषी ठहराए जाने और कम से कम 2 साल के कारावास की सजा पाने की वजह से नामांकन और चुनाव की तारीखों पर नामांकन दाखिल करने और चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया था?**

**(2) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 की उप-धारा (3) में नियोजित अभिव्यक्ति- "कोई व्यक्ति जो किसी अपराध के लिए सिद्धदोष ठहराया गया है और दो वर्ष से अन्यून के कारावास से दंडादिष्ट किया गया है" का क्या अर्थ है? क्या यह आवश्यक है कि अयोग्यता को आकर्षित करने के लिए एक ही अपराध के संबंध में कम से कम 2 साल के कारावास की अवधि होनी चाहिए?**

**(3) अधिनियम की धारा 8 की उप-धारा (4) का क्या तात्पर्य है; क्या सदन के किसी सदस्य को उप-धारा (4) द्वारा अयोग्यता के खिलाफ प्रदान किया गया संरक्षण तब भी लागू रहेगा, जब चुनाव या नामांकन की तारीख को उम्मीदवार के संसद या किसी राज्य की विधान सभा की सदस्यता ख़त्म हो चुकी थी?**

**अपील को स्वीकृत करते हुए, न्यायालय ने**

**निर्णितः** *द्वारा लाहोती, मु.न्या. (अपने लिए और पाटिल, श्रीकृष्णा और माथुर, न्यायमूर्तिगण के लिए):*

**1.1. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 100(1)(ए) के तहत निर्वाचित उम्मीद्वार की योग्यता या अयोग्यता का प्रश्न उम्मीदवार को उसके चुनाव की तारीख के संदर्भ**

में निर्धारित किया जाना है, जो तारीख, अधिनियम की धारा 67 ए में परिभाषित की गई है, वह तारीख होगी जिस पर उम्मीदवार को निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचित घोषित किया जाता है। क्या नामांकन अनुचित रूप से स्वीकार किया गया था, इसका निर्धारण धारा 100(1)(डी)(आई) के उद्देश्य के लिए नामांकन की जांच के लिए निर्धारित तिथि के संदर्भ में किया जाना चाहिए जिस कि अभिव्यक्ति अधिनियम की धारा 36(2)(ए) में की गई है। ऐसी तिथियाँ यह निर्धारित करने के उद्देश्य से कैंद्र बिंदु हैं कि क्या उम्मीदवार योग्य नहीं है या सदन में सीट पाने के लिए चुने जाने के लिए अयोग्य है। इन कैंद्र बिंदु तिथियों के संदर्भ में ही धारा 8 की उप-धाराओं (1), (2) और (3) के तहत अयोग्यता का प्रश्न निर्धारित करना होगा। दोषसिद्धि के खिलाफ अपील के लंबित होने का तथ्य अप्रासंगिक और महत्वहीन है। इसलिए अपील या पुनरीक्षण में दोषसिद्धि या सजा को दरकिनार करने या सजा को कम करने के बाद के निर्णय का उस अयोग्यता को समाप्त करने का प्रभाव नहीं होगा जो कैंद्र बिंदु तिथियों पर मौजूद थी। निर्णय की तारीखें चुनाव की तारीख और नामांकन के जांच की तारीख होती हैं न कि चुनाव याचिका या उसके खिलाफ अपील में निर्णय की तारीख। (328-जी; 329-बी)

*अमृत लाल अंबालाल पटेल बनाम हिमथभाई गोमनभाई पटेल एवं अन्य,* ए. आई. आर. (1968) एस. सी. 1455 पर निर्भर किया गया।

1.2. नामांकन या चुनाव (जैसा भी मामला हो) की तारीख के बाद की तारीख का एक अपीलीय निर्णय और इस निर्णय से उम्मीदवार की दोषसिद्धि या उस पर पारित कारावास की सज़ा पर असर पड़ने से अयोग्यता को पिछली तारीख से समाप्त करने का प्रभाव नहीं पड़ेगा यदि कोई व्यक्ति किसी अपराध के लिए दोषी ठहराए जाने के परिणामस्वरूप कम से कम दो साल के कारावास की सज़ा पाने के परिणामस्वरूप नामांकन दाखिल करने या चुनाव लड़ने की तारीख़ (जैसा भी मामला हो) को नामांकन दाखिल करने या चुनाव लड़ने के लिए वास्तव में अयोग्य था। [321-जी-एच]

*श्री मणिलाल बनाम श्री परमई लाल एवं अन्य,* **[1970] 2 एस.सी.सी. 462 और** *विद्या चरण शुक्ला बनाम पुरुषोत्तम लाल कौशिक,* **[1981] 2 एस.सी.सी. 84**, रद्द किया।

*दलीप कुमार शर्मा बनाम एम. पी. राज्य,* **[1976] 1 एस.सी.सी. 560**, भिन्न पाया।

**1.3. धारा 8(3) के प्रयोजन के लिए जो प्रासंगिक है वह कारावास की वास्तविक अवधि है जिस से किसी भी दोषी व्यक्ति को न्यायालय द्वारा घोषित कारावास की सज़ा के परिणामस्वरूप गुज़रना होगा या जिसे गुज़ारा जा चुका है और जिसे नामांकन की जांच की तारीख या चुनाव की तारीख के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। अन्य सभी कारक अप्रासंगिक हैं। हो सकता है कि किसी दोषी व्यक्ति ने अपील दायर की हो। हो सकता है कि उस ने सज़ा के निष्पादन को निलंबित करने या दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 389 के तहत आदेश भी प्राप्त कर लिया हो। लेकिन फिर इसका कोई असर नहीं होगा। अपीलीय न्यायालय को धारा 389 के तहत यह आदेश देने का अधिकार है कि किसी दोषी व्यक्ति द्वारा अपील लंबित रहने तक सज़ा या आदेश के निष्पादन को निलंबित किया जाए और यह भी कि यदि वह कारावास में है, तो उसे ज़मानत या मुचलके पर रिहा किया जाए। जिसे निलंबित किया जाता है वह दोषसिद्धि या सजा नहीं है; यह केवल सज़ा या आदेश का निष्पादन है जिसे निलंबित किया जाता है। यह निलंबित किया गया है और इसे मिटाया नहीं गया है। [320-डी-एफ]**

*शरत चंद्र राभा एवं अन्य बनाम खगेन्द्रनाथ नाथ एवं अन्य,* **[1961] 2 एस.सी.आर. 133, अनुसरणित।**

**1.4. चुनाव याचिका की कार्यवाही कार्यपालिका द्वारा आयोजित चुनाव कार्यवाही से स्वतंत्र होती है। चुनाव याचिका में कार्यवाही को किसी भी तरह से चुनावी कार्यवाही का जारी रखना कहा या माना नहीं जा सकता है। चुनाव याचिका पर सुनवाई करने वाला उच्च न्यायालय निर्वाचन अधिकारी के फैसले या उम्मीदवार के परिणाम की घोषणा के खिलाफ अपील पर सुनवाई नहीं कर रहा है। [316-सी]**

1.5. निस्संदेह, उच्च न्यायालय चुनाव याचिका में निर्णय की तारीख पर एक राय बना रहा है, लेकिन उस राय का गठन जांच की तारीख के संदर्भ में किया जाना चाहिए, न कि ऐसे तथ्यों के आधार पर जो काल्पनिक रूप से किसी बाद की घटना द्वारा निर्धारित पिछली तारीख पर मौजूद माने जा सकते हैं, बल्कि उन तथ्यों के आधार पर किया जाना चहिए जो वास्तव में तब मौजूद थे, ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या निर्वाचन अधिकारी उस तारीख यानी जांच की तारीख को नामांकन की जांच पर अपने निर्णय में सही या गलत था। इस तरह के निर्णय की शुद्धता, आदि को किसी भी घटना द्वारा निर्धारित करने के लिए नहीं छोड़ा जा सकता है जो उच्च न्यायालय द्वारा जांच की तारीख और निर्णय की घोषणा की तारीख के बीच हुई हो। [316-ई-एफ]

1.6. कानून के किसी प्रावधान की व्याख्या और उस का मतलब निकालते हुए उस मतलब पर निर्णय करते समय न्यायालय को यह ध्यान रखना होगा कि न्यायालय द्वारा लिया गया यह दृष्टिकोण उन असंख्य स्थितियों पर लागू होगा जिन के उत्पन्न होने की संभावना है। इस तरह की व्याख्या से बचना होगा क्योंकि इस के परिणामस्वरूप किसी भी प्रणाली के काम करने में भ्रम, विसंगति, अनिश्चितता और व्यावहारिक कठिनाइयाँ पैदा होंगी। [316-जी; 317-ए]

1.7. एक आपराधिक मामले में एक अपीलीय निर्णय, जो अभियुक्त-अपीलार्थी को दोषमुक्त करता है, निचली अदालत द्वारा दर्ज की गई दोषसिद्धि और उस पर दी गई सजा को मिटाने का प्रभाव रखता है- यह एक कानूनी कल्पना (फिक्शन) है। कानूनी कल्पना पर जोर देते समय यह नहीं भूलना चाहिए कि कानूनी कल्पनाएँ केवल किसी निश्चित उद्देश्य के लिए बनाई जाती हैं और कल्पना उस उद्देश्य तक सीमित होनी चाहिए जिसके लिए इसे बनाया गया था और इसे उस वैध क्षेत्र से परे नहीं बढ़ाया जाना चाहिए। एक कानूनी कल्पना उन तथ्यों की स्थिति के अस्तित्व का अनुमान लगाती है जो सम्भवतः मौजूद नहीं हैं और फिर

उन परिणामों का पता लगाती है जो तथ्यों की उस स्थिति से निकलते हैं। इस तरह के परिणामों को केवल अपनी तार्किक सीमा तक उस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाना चाहिए जिसके लिए कानूनी कल्पना बनाई गई है। तार्किक रूप से जो प्रवाहित होता है उससे परे परिणामों को फैलाना कानूनी कल्पना के उद्देश्य का अवैध विस्तार के बराबर है। काल्पनिक रूप से एक निर्दोष करार देने वाले अपीलीय आदेश होने से निचली अदालत की दोषसिद्धि समाप्त हो जाती है, फिर भी, इस तरह की कानूनी कल्पना के बल पर यह माना लेना कि एक उम्मीदवार को हालांकि दोषी ठहराया गया था और दो साल या उस से अधिक के कारावास की सजा सुनाई गई थी, पर वह बाद की तारीख में बरी होने के परिणामस्वरूप जांच या नामांकन की तारीख पर अयोग्य नहीं था, इस कानूनी कल्पना के उद्देश्य का एक अवैध विस्तार होगा।

[319- ए-सी, जी-एच]

2.1. अयोग्यता की प्रयोज्यता को आकर्षित करने के उद्देश्य से अधिनियम की धारा 8 (3) में व्यक्त "किसी अपराध के लिए सिद्धदोष ठहराया गया है और दो वर्ष से अन्यून के कारावास से दंडित किया गया है" के अर्थ में जो देखी जानी चाहिए वह कुल समय है जिस के लिए किसी व्यक्ति को दोषसिद्धि और मुकदमे में सुनाई गई सज़ा के परिणामस्वरूप जेल में रहने का आदेश दिया गया है। 'अपराध' शब्द के पहले 'किसी' शब्द को अपराध की प्रकृति के रूप में समझा जाना चाहिए न कि अपराध/अपराधों की संख्या के रूप में। संज्ञा 'अपराध' को अर्हता प्रदान करने वाले 'किसी' विशेषण का उपयोग इस निवेदन को पुख़्ता करने के लिए नहीं किया जा सकता है कि कम से कम दो वर्ष के लिए कारावास की सजा एक ही अपराध के संबंध में होनी चाहिए। [329- सी-डी; 325-सी]

2.2. संदर्भ और परिस्थितियों के अनुसार 'किसी' शब्द के कई अर्थ हो सकते हैं। इसका अर्थ हो सकता है 'सभी', 'हर एक'; 'प्रत्येक'; ‘कुछ'; या 'एक' ‘या कई में से कई'। 'किसी'

**शब्द का उपयोग 'कुछ', 'कई में से', 'एक अनंत संख्या' जैसी मात्राओं को इंगित करने के लिए किया जा सकता है। इसका उपयोग संज्ञा की गुणवत्ता या प्रकृति को इंगित करने के लिए भी किया जा सकता है जो यह है जैसे कि 'सभी' या 'प्रत्येक'। [324- सी-एच]**

*श्री बालगणेशन मेटल्स बनाम एम. एन. शण्मुगम चेट्टी एवं अन्य,* **[1987] 2 एस.सी.सी. *707*, पर निर्भर किया गया।**

*ब्लैक की विधिक शब्दकोष (छठा संस्करण) पृष्ठ सं 94 ; लॉ लेक्सिकौन, पी. रामनाथ अय्यर, दूसरा संस्करण, पृष्ठ सं 116; न्यायमूर्ति जी.पी सिंह का विधिक व्याख्या के सिद्धांत, 9 वां संस्करण, 2004 पृष्ठ सं 302,* **संदर्भित किया गया।**

**2.3. अधिनियम की धारा 8 (3) के तहत अयोग्यता को लागू करने का उद्देश्य राजनीति के अपराधीकरण को रोकने के लिए है। धारा 8 चुनावों में स्वतंत्रता और निष्पक्षता को बढ़ावा देने के साथ-साथ निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कानून और व्यवस्था बनाए रखने को बढ़ावा देने के लिए है। इस प्रावधान की व्याख्या इतनी सार्थक होनी चाहिए कि उस दुराचार को असरदार तरीके से प्रतिबंधित किया जा सके जिस दुराचार को प्रतिबंधित करना इस प्रावधान का उद्देश्य है। यह शब्द किसी अपराध के लिए सिद्धदोष ............व्यक्ति' को 'उन सभी अपराधों जिन के लिए किसी व्यक्ति पर आरोप लगाया गया है और उसे एक मुकदमे में दोषी ठहराया गया है' के रूप में माना जाना चाहिए। "दो वर्ष से अन्यून के कारावास से दंडित किया गया है" शब्दों की प्रयोज्यता 2 वर्ष से अधिक का निर्णय कुल अवधि की गणना करके किया जाएगा।**

**[325- एफ-एच; 326-ए-बी]**

**2.4. दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 31 के तहत आपराधिक अदालत के पास अभियुक्त द्वारा किए गए अपराधों के लिए अभियुक्त को दोषी ठहराने के बाद दंड पारित करने का अधिकार है। कारावास की भिन्न्न अवधियों को अभियुक्त द्वारा उस क्रम में एक के बाद काटा**

जाएगा जैसा न्यायालय निर्देशित करे, तब जब न्यायालय ये निर्देश न दे कि सारी अवधियां एक साथ काटी जाएंगी। कारावास की प्रत्येक अवधि जिस के लिए अभियुक्त को अपराधों के लिए सज़ा सुनाई गई है, न्यायालय के क्षेत्राधिकार में है और सिर्फ़ इस वजह से न्यायालय द्वारा पारित अवधि को अवैध या न्यायालय की शक्ति के परे नहीं माना जा सकता कि लगातार सज़ा के मामले में कारावास की कुल अवधि उस न्यायालय की अधिक से अधिक सज़ा देने की योग्यता से अधिक है। दोषी ठहराए गए व्यक्ति द्वारा अपील हेतु उस के खिलाफ पारित लगातार सज़ाओं के योग को एकल सज़ा माना जाएगा। इसी सिद्धांत को सही माना जा सकता है और अयोग्यता निर्धारित करने के लिए लागू किया जा सकता है। अधिनियम की धारा 8 (3) के तहत अयोग्यता की अवधि इस तरह की दोषसिद्धि की तारीख से शुरू होती है। अयोग्यता कारावास से उनकी रिहाई की तारीख से गणना की गई छह साल की और अवधि के लिए जारी रहती है। इस प्रकार, उस व्यक्ति को कारावास की सजा भुगतने के लिए हिरासत में लिया गया या नहीं, दोनों मामलों में अयोग्यता दोषसिद्धि की तारीख से शुरू होती है। वह अयोग्यता के प्रभाव से केवल इसलिए नहीं बच सकता क्यों कि उसे ज़मानत पर होने कि वजह से हिरासत में नहीं लिया गया या वह फरार था। कारावास की वास्तविक अवधि प्रासंगिक है। [323-ए-एफ]

2.5. अधिनियम की धारा 8 के प्रावधानों का अर्थ दंड प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों के अनुरूप और इस तरह से लगाया जाना चाहिए जिस से दोनों विधानों में निहित प्रावधानों को प्रभावी बनाया जा सके। लगातार चलने वाली दी गई कारावास की सज़ाओं के मामले में सज़ा की कुल अवधि और समवर्ती रूप से चलने के लिए किए गए कारावास की सज़ा में सबसे लंबी अवधि यह तय करने के लिए प्रासंगिक होगी कि कारावास की सजा 2 साल से कम है या नहीं। [323-एफ-जी]

2.6. यह नहीं कहा जा सकता है कि अधिनियम की धारा 8 एक दंडात्मक प्रावधान है और इसलिए इसका सख्ती से अर्थ लगाया जाना चाहिए। चुनाव लड़ना एक वैधानिक अधिकार है और पद पर रहने की योग्यताओं और अयोग्यताओं को वैधानिक रूप से निर्धारित किया जा सकता है। अयोग्यता के प्रावधान को दंडात्मक प्रावधान नहीं कहा जा सकता है और निश्चित रूप से इसे आपराधिक कानून में निहित दंडात्मक प्रावधान के बराबर नहीं माना जा सकता है। [326- बी-सी]

*ललिता जालान एवं अन्य बनाम बॉम्बे गैस कंपनी लिमिटेड एवं अन्य,* [2003] 6 एस.सी.सी. 107, पर निर्भर किया गया।

3.1. अधिनियम की धारा 8 की उप-धारा (4) एक अपवाद है जिसे उप-धारा (1), (2) और (3) से अलग किया गया है। अयोग्यता से बचे रहने की पूर्व शर्त उस व्यक्ति द्वारा रखी जाती है जिसे दोषी ठहराए जाने की तारीख पर सदन का सदस्य होते हुए दोषी ठहराया जाता है। इस तरह के अपवाद को बनाने का उद्देश्य किसी व्यक्ति को लाभ प्रदान करना नहीं है; इसका उद्देश्य सदन की रक्षा करना है। इस तरह के बचाव का लाभ केवल तब तक उपलब्ध है जब तक सदन का अस्तित्व बना रहता है और व्यक्ति सदन का सदस्य बना रहता है। यदि सदन भंग हो जाता है या व्यक्ति सदन का सदस्य नहीं रह जाता है तो यह बचाव लागू नहीं होता है। [328- ई]

*शिबू सोरेन बनाम दयानंद सहाय एवं अन्य,* [2001] 7 एस.सी.सी. 425, पर निर्भर किया गया।

3.2. अधिनियम की धारा 8 की उप-धारा (3) और उप-धारा (4) के तुलनात्मक अध्ययन से पता चलता है कि संसद ने अयोग्यता लागू करने के उद्देश्य से चुनाव में उम्मीदवारों को दो वर्गों में वर्गीकृत करने का विकल्प चुना है। अर्थात: (1) एक व्यक्ति जो दोषसिद्धि की तारीख को किसी राज्य की संसद या विधानमंडल का सदस्य है, और (ii) एक

व्यक्ति जो ऐसा सदस्य नहीं है। इन दोनों वर्गों में आने वाले व्यक्ति अच्छी तरह से परिभाषित और निर्धारित वर्ग हैं और इसलिए, दो निश्चित वर्ग बनाते हैं। इस तरह के वर्गीकरण को अनुचित नहीं कहा जा सकता है क्योंकि यह एक अच्छी तरह से निर्धारित अंतर पर आधारित है और इस का हासिल होना एक सार्वजनिक उद्देश्य के साथ संबंध है। [326-एच; 327-ए-बी]

*द्वारा बालकृष्णन, जे:(आंशिक रूप से असहमत):*

1. अधिनियम की धारा 8(3) के पहले भाग में उपयोग किए गए शब्दों से, अर्थात् "एक व्यक्ति जिसे किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है" से यह स्पष्ट है कि अयोग्यता आकर्षित करने के लिए, व्यक्ति को किसी भी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया होना चाहिए और कम से कम दो साल के कारावास की सज़ा सुनाई गई होनी चाहिए। छह अपराधों में से, जिनके लिए प्रत्यर्थी को दोषी पाया गया था, यदि उन सभी को अलग-अलग एकल अपराध के रूप में लिया जाता है, तो प्रत्यर्थी किसी भी अपराध के लिए दोषी व्यक्ति नहीं है, जिसके लिए उसे दो साल से अधिक की सज़ा दी गई है। यह अपराध की गंभीरता है जो मायने रखती है न कि विभिन्न छोटे अपराधों के लिए दोषसिद्धि या विभिन्न छोटे अपराधों में दी गई सज़ाओं की कुल अवधि जो दो साल या उस से अधिक हो। अधिनियम की धारा 8 (3) में उपयोग किए गए "किसी भी अपराध" को "कई अपराधों में से एक" के रूप में लिया जाना चाहिए। [331-ई]

2. केवल इस लिए कि मजिस्ट्रेट ने आदेश दिया कि सज़ा लगातार चलती रहेगी, और कुल अवधि दो साल या उससे अधिक है, दोषी ठहराए गए व्यक्ति को अधिनियम की धारा 8 (3) के तहत अयोग्य नहीं माना जाएगा। सज़ा के समवर्ती रूप से या लगातार चलने का निर्देश बस सज़ा के निष्पादन किए जाने का निर्देश है। इस से सज़ा की प्रकृति प्रभावित नहीं होगी। अधिनियम की धारा 8(3) के तहत अयोग्यता सज़ा के निष्पादन के तरीके पर पूरी तरह से

**निर्भर नहीं होगी, विशेष रूप से जब इस संबंध में कोई वैधानिक या न्यायिक दिशानिर्देश नहीं हैं।**

**[332-बी-डी]**

**3. धारा 8(3) के शब्दों की व्याख्या सख्ती से की जानी चाहिए और किसी व्यक्ति के ख़िलाफ़ इस धारा के अंतर्गत अयोग्यता का उपयोग तभी किया जा सकता है जब वह व्यक्ति स्पष्ट रूप से इस धारा में उपयोग किए गए शब्दों के सामान्य अर्थ के चार कोनों के भीतर आता हो। यदि उसे किसी अपराध के लिए दोषी ठहरा कर दो या उस से अधिक वर्षों के लिए सज़ा नहीं दी गई है, तो वह चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य होने के लिए ज़िम्मेदार नहीं है। बेशक, राजनीति का अपराधीकरण एक गंभीर समस्या बन गई है जिस से निपटा जाना चाहिए और कोई भी इस बात पर विवाद नहीं करेगा कि यह हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों की नींव को प्रभावित करता है, लेकिन यह अपने आप में शब्दों के अर्थ को विस्तृत तरीके से निकालने के लिए पर्याप्त नहीं है ताकि उन व्यक्तियों को इसके दायरे में शामिल कर लिया जाए जो सख्ती से इसके दायरे में नहीं आ रहे हैं, विशेष रूप से तब जब अयोग्यता केवल चुनाव लड़ने में नहीं है बल्कि रिहाई के बाद के छह सालों तक भी अयोग्यता रहे। [332-ई-एच]**

सिविल अपीलीय क्षेत्राधिकार निर्णयः सिविल अपील सं. 8213 वर्ष 2001।

ई. पी. सं. 1 वर्ष 2001 में केरल उच्च न्यायालय के निर्णय एवं आदेश दिनांक 5.10.2001 से।

के साथ

सी. ए. सं. 6691 वर्ष 2002

एल. नागेश्वर राव, के. के. वेणुगोपाल, रॉय अब्राहम, सुश्री सीमा जैन, हिमिंदर लाल, अजय वर्मा, निखिल मजीठिया, सुधांशु श्रीवास्तव, सी. ए. सं. 6691/2002 में अपीलकर्ता स्वयं और एम. सी. ढींगरा, जी. प्रकाश और सुश्री ई. बीना प्रकाश, रणबीर सिंह कुंडू और संजय शहरावत उपस्थित दलों के लिए।

न्यायालय का निम्नलिखित निर्णय/आदेश

**आर. सी. लाहोती, सीजेआई द्वारा (स्वयं के लिए और एफ. शिवराज वी. पाटिल, बी. एन. श्रीकृष्णा और जी. पी. माथुर जे.जे. के लिए) दिया गया।**

**सी. ए. सं. 8213/2001 में तथ्य**

संख्या 14 कुथुपरम्बा विधानसभा क्षेत्र के लिए चुनाव अप्रैल-मई, 2001 के महीनों में आयोजित किया गया था। तीन उम्मीदवार थे, जिन में अपीलार्थी के. प्रभाकरण और प्रतिवादी पी. जयराजन चुनाव लड़ रहे थे। 24.4.2001 को नामांकन दाखिल किए गए थे। मतदान 10.5.2001 को आयोजित किया गया था। चुनाव का परिणाम 13.5.2001 को घोषित किया गया था। प्रत्यर्थी को निर्वाचित घोषित किया गया था।

दिनांक 9.12.1991 की एक घटना के संबंध में, प्रतिवादी कई अपराधों के आरोप में मुकदमे का सामना कर रहा था। 9.4.1997 को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, कुथुपरम्बा ने प्रतिवादी को अपराधों का दोषी ठहराया और उन्हें निम्नानुसार कारावास की सजा सुनाई गईः-

| **अपराध** | **सज़ा** |
|---|---|
| भा.दं.सं की धारा 143 के साथ धारा 149 | एक महीने का कठोर कारावास |
| भा.दं.सं की धारा 148 के साथ धारा 149 | छः महीनों का कठोर कारावास |
| भा.दं.सं की धारा 447 के साथ धारा | एक महीने का कठोर कारावास |

| | |
|---|---|
| 149 | |
| भा.दं.सं की धारा 353 के साथ धारा 149 | छः महीनों का कठोर कारावास |
| भा.दं.सं की धारा 427 के साथ धारा 149 | तीन महीनों का कठोर कारावास |
| लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 3(2)(ई) के साथ भा.दं.सं की धारा 149 | एक साल का कठोर कारावास |

सज़ाओं को लगातार चलाने का निर्देश दिया गया था (और समवर्ती नहीं)। इस प्रकार प्रत्यर्थी को कुल दो वर्षों और 5 महीनों की अवधि के लिए कारावास की सज़ा सुनाई गई। 24.4.1997 को प्रतिवादी ने सत्र न्यायालय, थालास्सेरी के समक्ष आपराधिक अपील सं. 118/1997 दायर की। दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (इसके बाद संक्षेप में 'संहिता') की धारा 389 द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए सत्र न्यायालय ने सुनवाई के दौरान कारावास की सज़ा के निष्पादन को निलंबित करने और प्रतिवादी को ज़मानत पर रिहा करने का निर्देश दिया।

प्रत्यर्थी द्वारा दाखिल नामांकन पत्र पर अपीलार्थी द्वारा इस आधार पर आपत्ति जताई गई थी कि प्रत्यर्थी को दोषी ठहराया गया था और 2 साल से अधिक की अवधि के लिए कारावास की सजा सुनाई गई थी, जिस वजह से प्रत्यर्थी चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हो चुके हैं। हालाँकि, आपत्ति को निर्वाचन अधिकारी द्वारा खारिज कर दिया गया और प्रत्यर्थी का नामांकन स्वीकार कर लिया गया। निर्वाचन अधिकारी ने यह राय बनाई कि प्रत्यर्थी को कई अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया था और कारावास की कोई भी अवधि जिसके लिए उसे सजा सुनाई गई

थी, 2 साल की नहीं थी, और इसलिए, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (इसके बाद संक्षेप में 'आर. पी. ए.') की धारा 8 (3) के अर्थ के भीतर अयोग्यता आकर्षित नहीं हुई।

15.6.2001 को अपीलार्थी ने आर.पी.ए. के अध्याय II के तहत एक चुनाव याचिका दायर की मुख्य रूप से इस आधार पर कि प्रत्यर्थी अयोग्य हो चुके हैं, और इसलिए न तो उनका नामांकन वैध था और न ही उन्हें निर्वाचित घोषित किया जा सकता है।

25.7.2001 को सत्र न्यायालय ने प्रत्यर्थी द्वारा दायर अपील को आंशिक रूप से स्वीकार किया। अभियुक्त की दोषसिद्धि और उस पर पारित सज़ा को इस संशोधन के साथ बनाए रखा गया कि कई अपराधों के लिए कारावास की मूल सजा जिस के लिए प्रतिवादी को दोषी पाया गया था, को समवर्ती रूप से चलाया जाएगा।

5.10.2001 को उच्च न्यायालय के एक विद्वान नामित चुनाव न्यायाधीश ने चुनाव याचिका को खारिज करने का निर्देश देते हुए निर्णय लिया। विद्वत न्यायाधीश ने निर्वाचन अधिकारी द्वारा लिए गए इस विचार में कोई त्रुटि नहीं पाई कि आर.पी.ए. की धारा 8(3) आकर्षित नहीं हुई थी। विद्वान न्यायाधीश ने यह भी अभिनिर्धारित किया कि चुनाव याचिका के लंबित रहने के दौरान, निचली अदालत द्वारा पारित सज़ा को अपीलीय अदालत द्वारा संशोधित किया गया था, जिसने दोषसिद्धि और कारावास की विभिन्न शर्तों को बनाए रखते हुए, जिस में प्रतिवादी को सजा सुनाई गई थी, सजा को समवर्ती रूप से चलाने का निर्देश दिया था। उच्च न्यायालय की राय में, अपीलीय न्यायालय द्वारा संशोधित सजा, निचली अदालत के फैसले की तारीख से पूर्वव्यापी रूप से संचालित होगी, और इसलिए भी किसी भी मामले में अयोग्यता का अस्तित्व समाप्त हो गया था। उच्च न्यायालय ने इस न्यायालय के दो फैसलों *श्री मन्नी लाल बनाम श्री ई. परमई लाल एवं अन्य,* [1970] 2 एस.सी.सी. 462 और *विद्या चरण शुक्ला बनाम पुरुषोत्तम लाल कौशिक,* [1981] 2 एस.सी.सी. 84 पर निर्भर किया।

**सी. ए. 6691/2002 में तथ्य**

18.9.1993 को प्रत्यर्थी सं. 1, नफे सिंह के खिलाफ धारा 148, 307, 323 325, 326/149 भारतीय दंड संहिता और शस्त्र अधिनियम 1959 की धारा 25 और 27 के तहत अपराधों के लिए प्राथमिकी सं. 386 दर्ज की गई थी। घटना में घायल व्यक्तियों में से एक की एफ.आई.आर. के पंजीकरण के बाद मृत्यु हो गई और अपराध को भा.दं.सं की धारा 302 के तहत हत्या के अपराध में बदल दिया गया और अन्य आरोपीत व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में नफे सिंह को ज़मानत पर रिहा कर दिया गया। 10.5.1996 को जब नफ़े सिंह और अन्य अभियुक्त व्यक्तियों के खिलाफ लगाए गई आरोपों पर मुक़दमा चल रहा था, तब हरियाणा राज्य में चुनाव हुए। नफ़े सिंह ने चुनाव लड़ा और 10.05.1996 उन्हें बहादुरगढ़ निर्वाचन क्षेत्र से विधान सभा के सदस्य के रूप में निर्वाचित घोषित किया गया।

17.05.1999 को अभियुक्त और अन्य लोगों पर मुकदमा चलाने वाली सत्र अदालत ने नाफे सिंह को आई.पी.सी. की धारा 302 और अन्य अपराधों का दोषी ठहराया। 19.5.1999 को उन्हें आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई गई थी। 25.5.1999 को उन्होंने अपनी दोषसिद्धि के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील दायर की। 8.10.1999 को उच्च न्यायालय ने नफ़े सिंह के खिलाफ पारित कारावास की सज़ा के निष्पादन को निलंबित करने का निर्देश दिया और उन्हें ज़मानत पर रिहा करने का भी निर्देश दिया। नफ़े सिंह ने ज़मानत बांड प्रस्तुत किए और ज़मानत पर रिहा हो गए। उस समय तक वह चार महीने और 21 दिनों के कारावास से गुज़र चुके थे।

14.12.1999 को हरियाणा राज्य के राज्यपाल ने मध्यावधि चुनाव के लिए हरियाणा विधानसभा को भंग कर दिया। जनवरी 2000 के पहले सप्ताह में निर्वाचन आयोग ने चुनाव कार्यक्रम को अधिसूचित किया। 37-बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 3.2.2000 निर्धारित की गई थी। 29.1.2000 को इंडियन नेशनल लोक दल,

जिस से नाफे सिंह संबंधित थे, ने अपने आधिकारिक उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, जिस में नफे सिंह, प्रत्यर्थी सं 1 की पत्नी श्रीमती शीला देवी के नाम को शामिल किया गया था। 1.2.2000 को श्रीमती शीला देवी ने इंडियन नेशनल लोकदल के टिकट पर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। 2.2.2000 को नफे सिंह ने भी कृत्रिम उम्मीदवार या अपनी पत्नी श्रीमती के विकल्प के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। शीला। नामांकन पत्रों की जांच की तारीख पर अपीलार्थी ने नफे सिंह के नामांकन पर आपत्ति जताते हुए कहा कि आई.पी.सी. की धारा 302 के तहत पारित आजीवन कारावास की सज़ा और दोषसिद्धि को देखते हुए नफे सिंह संविधान के अनुच्छेद 191 के साथ आर.पी.ए. की धारा 8(3) के तहत हरियाणा विधानसभा के सदस्य के रूप में चुने जाने के लिए अयोग्य हैं। आपत्ति को निर्वाचन अधिकारी द्वारा खारिज कर दिया गया जिन्होंने नफ़े सिंह द्वारा दाखिल नामांकन पत्र को वैध स्वीकार किया। हालांकि, नफे सिंह की पत्नी श्रीमती शीला के नामांकन पत्र को ठीक नहीं पाया गया और इस लिए उसे अस्वीकार कर दिया गया। इसके बाद इंडियन नेशनल लोकदल ने बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से नफे सिंह को अपना उम्मीदवार घोषित किया। मतदान 22.2.2000 को हुआ था। परिणाम 25.2.2000 को घोषित किए गए थे जिसमें नफे सिंह ने अपीलार्थी, अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी, को 1,648 मतों के अंतर से मात दी और निर्वाचित घोषित किए गए। चुनाव मैदान में कुल ग्यारह उम्मीदवार थे।

8.4.2000 को अपीलार्थी ने आर.पी.ए. के अध्याय II के तहत एक चुनाव याचिका दायर की। चुनाव याचिका में लिए गए आधारों में से एक निर्वाचन अधिकारी द्वारा नफे सिंह के नामांकन पत्र की अनुचित स्वीकृति थी। नफे सिंह ने चुनाव याचिका का विरोध किया। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के नामित चुनाव न्यायाधीश ने पक्षों की दलीलों से उत्पन्न होने वाले 13 मुद्दों को तैयार किया। 1 से 7 तक के मुद्दों की सुनवाई प्रारंभिक मुद्दों के रूप में की गई जिस में किसी सबूत की आवश्यकता नहीं थी।

इस से पहले कि हम उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित चुनाव याचिका के परिणाम पर ध्यान दें, कुछ और तिथियों पर ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि वे प्रासंगिक हैं। प्रारंभिक मुद्दों की सुनवाई 12.2.2001 को शुरू हुई और सुनवाई की कई तारीखों तक जारी रही। सभी मुद्दों पर सुनवाई पहले ही समाप्त हो चुकी होने के बावजूद 19.3.2001 को नफे सिंह ने उच्च न्यायालय से अनुरोध किया कि उच्च न्यायालय द्वारा पहले उस के अपराधिक अपील का फैसला किया जाए ताकि उस के आरोपों से बरी होने की स्थिति में, उसे *श्री मन्नी लाल बनाम श्री परमई लाल एवं अन्य,* [1970] 2 एस.सी.सी. 462 तथा *विद्या चरण शुक्ला बनाम पुरुषोत्तम लाल कौशिक,* [1981] 2 एस.सी.सी. 84 मामलों में इस न्यायालय द्वारा दिए गए फैसलों का लाभ मिल सके। प्रत्यर्थी-नफ़े सिंह द्वारा की गई प्रार्थना का अपीलार्थी की ओर से विरोध किया गया था। हालांकि, विद्वान नामित चुनाव न्यायाधीश ने सुनवाई को 27.4.2001 और फिर 3.5.2001 तक स्थगित कर दिया, और इस तारीख को फैसला रिज़र्व कर लिया गया। जब चुनाव याचिका में फैसले की प्रतीक्षा की जा रही थी, तब 1.8.2001 को उच्च न्यायालय की एक डिविज़न पीठ ने प्रत्यर्थी सं 1 नफ़े सिंह द्वारा दायर आपराधिक अपील का फैसला किया। अपील को स्वीकृत किया गया और प्रत्यर्थी संख्या 1 को बरी करने का निर्देश दिया गया। डिवीज़न पीठ का निर्णय स्वयं के गुण-दोष पर स्वतंत्र रूप से आगे बढ़ता है, लेकिन एक बात जो उच्च न्यायालय की डिवीजन पीठ के दिनांक 1.8.2001 के फैसले से ध्यान देने योग्य है, वह यह है कि शिकायतकर्ता और अन्य घायल व्यक्तियों ने आरोपी (प्रत्यर्थी संख्या 1) के साथ अपने मतभेदों को सुलझा लिया था और समझौता किया था। 15 व्यक्ति जिन्हों ने गवाह के रूप में मुकदमे में अभियोजन पक्ष के मामले का समर्थन किया था, अब अपीलीय न्यायालय के समक्ष अपने हलफनामे दायर किए थे, जिस में उन्होंने निचली अदालत में पहले दिए गए अपने बयानों को अस्वीकार कर दिया था और कहा था (जैसा कि उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में दर्ज किया है), "कि पक्षों ने अपने विवादों में समझौता

किया था और प्राथमिकी संदेह के कारण और कुछ व्यक्तियों के उकसावे पर दर्ज किया गया और ऐसी कोई घटना नहीं हुई थी।

21.8.2001 को नफे सिंह पर, प्रत्यर्थी संख्या 1 ने अपने बरी होने के अपीलीय निर्णय को चुनाव याचिका के अभिलेख पर लाने हेतु एक आवेदन दायर किया। 20.12.2001 को इस अपीलार्थी ने माननीय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से निर्वाचन याचिका में निर्णय के लिए अनुग्रह किया। 25.2.2002 को अपीलार्थी ने विद्वान नामित चुनाव न्यायाधीश के समक्ष प्रार्थना करते हुए एक आवेदन दायर किया कि जल्द से जल्द निर्णय की घोषणा की जाए। निर्णय 5.7.2002 को सुनाया गया। चुनाव याचिका को खारिज करने का निर्देश दिया गया था। उच्च न्यायालय द्वारा दर्ज किए गए कई निष्कर्षों में से दो, जो इस अपील के उद्देश्य हेतु प्रासंगिक हैं, इस प्रकार हैः-

(i) प्रत्यर्थी द्वारा दायर अपील के मद्देनज़र उस की दोषसिद्धि और उस पर सज़ा क्रमशः दिनांक 17.5.1999 और 19.5.1999 ऐसे मिट गए जैसे कि कभी कोई दोषसिद्धि नहीं हुई थी, जैसा कि *श्री मन्नी लाल* (उपरोक्त) और *विद्या चरण शुक्ला* (उपरोक्त) के मामलों में इस न्यायालय द्वारा लिया गया दृष्टिकोण है।

(ii) अपनी दोषसिद्धि की तारीख को नफ़े सिंह विधान सभा के सदस्य थे और इसलिए, आर.पी.ए. की धारा 8 की उप-धारा (4) में निहित प्रावधानों को देखते हुए, दोषसिद्धि तीन महीने की अवधि के लिए प्रभावी नहीं हुई और चूंकि उस अवधि के भीतर एक अपील दायर की गई थी जो नफे सिंह के नामांकन और चुनाव की तारीख को लंबित थी और उसका निपटारा नहीं किया गया था, इसलिए वह उक्त प्रावधान द्वारा संरक्षित था और अयोग्यता प्रभावी नहीं हुई थी।

**अपीलों में कार्यवाहीः**

दोनों मामलों में चुनाव याचिकाकर्ताओं ने आर.पी.ए. की धारा 116ए के तहत यह दो वैधानिक अपीलें दायर की हैं।

1.10.2002 को सी.ए. सं 8213/2001 इस न्यायालय की तीन-न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई, जिस ने *विद्या चरण शुक्ला* (ऊपरोक्त) और *मन्नी लाल* (ऊपरोक्त) के मामलों में लिए गए विचार की शुद्धता के बारे में संदेह व्यक्त किया, जिस में से पहला निर्णय तीन-न्यायाधीशों की पीठ द्वारा लिया गया निर्णय था, और इसलिए, मामले को संविधान पीठ द्वारा विचार के लिए रखने का निर्देश दिया गया। पीठ ने यह भी महसूस किया कि इस मामले में निर्णय के लिए उत्पन्न होने वाला अन्य मुद्दा, कि क्या आर. पी. ए. की धारा 8 (3) की प्रयोज्यता तभी आकर्षित होगी जब किसी व्यक्ति को किसी एक अपराध के लिए कम से कम 2 साल के कारावास की सजा सुनाई जाती है, और यह भी एक ऐसा सवाल था जिस के दूरगामी असर थे और चूंकि इस प्रश्न पर इस न्यायालय द्वारा पहले कोई निर्णय नहीं लिया गया है, इस लिए इस मुद्दे पर, यह सार्वजनिक हित में होगा कि संविधान पीठ द्वारा इस प्रश्न पर एक आधिकारिक घोषणा की जाए, ताकि कानून निश्चित किया जा सके और इस लिए इस अन्य प्रश्न को भी संविधान पीठ के समक्ष रखने का निर्देश दिया गया। संविधान पीठ द्वारा विचार के लिए दिया गया निर्देश [2002] 8 एस.सी.सी 79 में प्रकाशित है।

सी. ए. सं. 6691/2002 इस न्यायालय के समक्ष 7.4.2003 को सुनवाई के लिए आया। इस अपील में निर्णय के लिए उत्पन्न होने वाले एक समान प्रश्न को देखते हुए इसे सी. ए. संख्या 8213/2001 के साथ टैग करने का निर्देश दिया गया। इस तरह दोनों अपीलें इस संविधान पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई हैं।

निर्णय के लिए तीन प्रश्न उठते हैंः.

(1) क्या निर्वाचन की तारीख के बाद की तारीख का अपीलीय निर्णय जिस का उम्मीदवार की दोषसिद्धी अथवा सज़ा पर असर हो, का प्रभाव उस उम्मीदवार के अयोग्यता को

पूर्ववर्ती रूप से मिटाने का होगा यदि किसी व्यक्ति को किसी अपराध के लिए दोषी ठहराए जाने और कम से कम 2 साल के कारावास की सजा दिए जाने के परिणामस्वरूप नामांकन दाखिल करने और चुनाव लड़ने की तारीख को नामांकन दाखिल करने और चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया गया था।

(2) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 की उप-धारा (3) में नियोजित "किसी भी अपराध के लिए दोषी ठहराए गए व्यक्ति और कम से कम 2 साल के कारावास की सज़ा" अभिव्यक्ति का क्या अर्थ है? क्या यह आवश्यक है कि अयोग्यता को आकर्षित करने के लिए कम से कम 2 साल के कारावास की अवधि एक ही अपराध के संबंध में होनी चाहिए।

(3) आर. पी. ए. की धारा 8 की उप-धारा (4) का उद्देश्य क्या है? क्या उप-धारा (4) द्वारा सदन के किसी सदस्य को अयोग्यता के विरुद्ध दिया गया संरक्षण तब भी लागू रहेगा जब उम्मीदवार नामांकन या चुनाव की तारीख को किसी राज्य की संसद या विधान-सभा का सदस्य नहीं रह गया था?

**प्रासंगिक प्रावधान**

कानून के प्रासंगिक प्रावधानों को निम्नानुसार निर्धारित किया जा सकता हैः.

**भारत का संविधान**

**अनुच्छेद 191 "सदस्यता के लिए निरर्हताएं-** (1) कोई व्यक्ति किसी राज्य की विधान सभा या विधान परिषद का सदस्य चुने जाने के लिए निरर्हित होगा-

X X X

(ङ) यदि वह संसद द्वारा बनाई गई किसी विधि द्वारा या उसके अधीन इस प्रकार निरर्हित कर दिया जाता है।

X X X

**लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951**

**"8. कपितय अपराधों के लिए दोषसिद्धि पर निरर्हता-**

X X X

(3) कोई व्यक्ति जो [उपधारा (1) य (2) में निर्दिष्ट किसी अपराध से भिन्न] किसी अपराध के लिए सिद्धदोष ठहराया गया है और दो वर्षों से अन्यून के कारावास के दंडादिष्ट किया गया है, ऐसी दोषसिद्धी की तारीख से निरर्हित होगा और उसे छोडे जाने से छह वर्ष की अतिरिक्त कालावधि के लिए निरर्हित बना रहेगा।

(4) [उप-धारा (1), उप-धारा (2) या उप-धारा (3) में] किसी बात के होते हुए भी दोनों उपधाराओं में से किसी के अधीन निरर्हता उस व्यक्ति की दशा में जो दोषसिद्धि की तारीख को संसद या राज्य के विधानमंडल का सदस्य है, तब तक प्रभावशील नहीं होगी जब तक उस तारीख से तीन मास बीत गए हों, अथवा, यदि उस कालावधि के भीतर उस दोषसिद्धि या दंडादेश की बाबत अपील या पुनरीक्षण के लिए आवेदन किया गया है तो जब तक न्यायालय द्वारा उस अपील या आवेदन का निपटारा न हो गया हो।"

**"100. चुनाव को शून्य घोषित करने के आधार-** (1) उप-धारा (2) के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, यह कि यदि उच्च न्यायालय यह राय है कि-

(क) निर्वाचित अभ्यर्थी से निर्वाचन की तारीख को स्थान भरने के लिए चुने जाने कि लिए संविधान या इस अधिनियम के या संघ या राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1963 (1963 का 20) के अधीन अर्हित नहीं था या निरर्हित कर दिया गया था, अथवा

(घ) जहां तक कि निर्वाचन का परिणाम निर्वाचित अभ्यर्थी से सम्पृक्त है, वहां तक निर्वाचन परिणाम-

(i) कोई नामनिर्देशन के अनुचित प्रतिग्रहण से, अथवा

(ii) ऐसे किसी भ्रष्ट आचरण से, जो निर्वाचित अभ्यर्थी के हित में उसके निर्वाचन अभिकर्ता से भिन्न अभिकर्ता द्वारा किया गया है, अथवा

(iii) किसी मत के अनुचित तौर पर लिए जाने से इनकार करने या प्रतिक्षेपित किए जाने के या ऐसे किसी मत के लिए जाने के, जो शून्य हो, कारण से, अथवा

(iv) संविधान के या अधिनियम के या इस अधिनियम के अधीन बनाए गए किन्हीं नियमों या आदेशों के उपबंधों के किसी अनुपालन से, तात्विक रूप से प्रभावित हुआ है,

तो उच्च न्यायालय निर्वाचित अभ्यर्थी के निर्वाचन के बाबत यह घोषणा करेगा कि वह शून्य है।

हमने फैसले के पहले भाग में दोनों मामलों से संबंधित ऐसे तथ्यों को संक्षेप में बताया है जो विवाद में नहीं हैं। पक्षकारों के लिए विद्वान अधिवक्ताओं द्वारा दी गई दलीलों पर विचार करने से पहले, *श्री मन्नी लाल* (ऊपर) और *विद्या चरण शुक्ला* (ऊपर) के प्रासंगिक तथ्यों और निर्धारित कानून को संक्षेप में उल्लेखित करना उचित होगा।

**श्री मन्नी लाल का मामला**

*मन्नी लाल का* मामला (उपरोक्त) इस न्यायालय का दो- न्यायाधीशों की पीठ का निर्णय है। परमई लाल, उस विवाद में प्रत्यर्थी संख्या 1 ने 9.1.1969 को अपना नामांकन दाखिल किया। दो दिनों के बाद, 11.1.1969 को, उन्हें आई. पी. सी. की धारा 304 के तहत अपराध के

लिए दोषी ठहराया गया और 10 साल के कठोर कारावास की सज़ा सुनाई गई। 16.1.1969 को उन्होंने उच्च न्यायालय में अपनी दोषसिद्धि के खिलाफ अपील दायर की। मतदान 9.2.1969 को हुआ। परमई लाल को 11.2.1969 पर निर्वाचित घोषित किया गया। 30.9.1969 को परमई लाल द्वारा दायर अपील को उच्च न्यायालय द्वारा स्वीकृत कर लिया गया और उनकी दोषसिद्धि और सज़ा को दरकिनार कर दिया गया। उस समय, परमई लाल के निर्वाचन को चुनौती देने वाली एक चुनाव याचिका लंबित थी जिसे 27.10.1969 को दिए गए फैसले द्वारा तय किया गया। उच्च न्यायालय ने परमई लाल को आर. पी. ए. की धारा 8 (2) के तहत अयोग्य ठहराने से इनकार कर दिया। मन्नी लाल ने इस अदालत में एक अपील दायर की। इस न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि एक आपराधिक मामले में अपील में बरी होना केवल दोषसिद्धि को दरकिनार करने वाले अपीलीय आदेश की तारीख से प्रभावी नहीं होता है; इसका प्रभाव पूर्वव्यापी रूप से दोषसिद्धि और निचली अदालत द्वारा दी गई सजा को समाप्त करने का है।

भार्गव, न्या. ने पीठ की ओर से बोलते हुए कहा- "यह सच है कि इस बारे में राय बनानी होगी कि क्या सफल उम्मीदवार अपने चुनाव की तारीख को अयोग्य घोषित किया गया था; लेकिन यह राय चुनाव याचिका में निर्णय सुनाने के समय उच्च न्यायालय द्वारा बनाई जानी है। इस मामले में उच्च न्यायालय ने 27 अक्टूबर, 1969 को फैसला सुनाया। उच्च न्यायालय के समक्ष बरी करने का आदेश था जो 11 जनवरी, 1969 से पूर्वव्यापी रूप से प्रभावी हुआ था। इसलिए, उच्च न्यायालय के लिए इस राय पर पहुंचना असंभव था कि 9 या 11 फरवरी, 1969 को प्रत्यर्थी संख्या 1 को अयोग्य घोषित कर दिया गया था। दोषसिद्धि और सज़ा को पूर्वव्यापी रूप से मिटा दिया गया था, ताकि चुनाव को अमान्य घोषित करने के लिए उच्च न्यायालय द्वारा गठित की जाने वाली राय का गठन न किया जा सके।" भार्गव, जे. की राय में अपीलीय न्यायालय द्वारा बरी किए जाने का प्रभाव किसी अधिनियम के निरस्त किए जाने के प्रभाव के समान था। न्यायमूर्ति के शब्दों में- "यह उस स्थिति के समान है जो

अस्तित्व में आ सकती थी यदि संसद ने स्वयं 11 जनवरी, 1969 (परमई लाल को दोषी ठहराए जाने के दिन) से अधिनियम की धारा 8 (2) को पूर्वव्यापी रूप से निरस्त करने का विकल्प चुना होता। विद्वान अधिवक्ता ने स्वीकार किया कि यदि अधिनियम की धारा 8 (2) को निरस्त करने वाला कोई कानून पारित किया गया होता और कानून को 11 जनवरी, 1969 से लागू माना गया होता, तो वह संभवतः इसके बाद आग्रह नहीं कर सकते थे, जब यह मुद्दा उच्च न्यायालय के समक्ष आता, कि प्रत्यर्थी संख्या 1 को 9 या 11 फरवरी, 1969 को अयोग्य घोषित किया गया था। अपील में दोषसिद्धि और सज़ा को दरकिनार करने से अयोग्यता को पूर्वव्यापी रूप से समाप्त करने का समान प्रभाव पड़ता है। इसलिए, उच्च न्यायालय द्वारा यह अभिनिर्धारित करना सही था कि प्रत्यर्थी नं. 1 को अयोग्य नहीं ठहराया गया था और उनका चुनाव उस आधार पर अमान्य नहीं था।" इस तर्क पर इस न्यायालय ने उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखा कि परमई लाल का चुनाव इस आधार पर अमान्य नहीं था की चुनाव व परिणाम की तारीखों पर उन की दोषसिद्धि हो चुकी थी।

**विद्या चरण शुक्ला का मामला**

*विद्या चरण शुक्ला* का मामला (उपरोक्त) इस न्यायालय का तीन न्यायाधीशों की पीठ का निर्णय है। विद्या चरण शुक्ला को नमांकन भरने की तिथि को सत्र न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया जा चुका था और दो वर्षों से अधिक के कारावास की सज़ा सुनाई जा चुकी थी। यह दोषसिद्धि और सज़ा चुनाव की तारीख और परिणाम की घोषणा की तारीख को प्रभावी थी। हालांकि, उच्च न्यायालय ने सज़ा के निष्पादन पर रोक लगा दी थी। असफ़ल उम्मीदवार ने एक चुनाव याचिका दायर की और जब तक चुनाव याचिका पर फैसला होता, तब तक विद्या चरण शुक्ला द्वारा दायर आपराधिक अपील को उच्च न्यायालय द्वारा स्वीकृत कर लिया गया और उन की दोषसिद्धि और सज़ा को दरकिनार कर दिया गया। *मन्नी लाल* के मामले (ऊपर) पर निर्भर किया गया था और इस अदालत के समक्ष निर्णय के लिए जो संकीर्ण सवाल उठा

था, वह यह था कि यदि चुनौती को धारा 100 के खंड (डी) के (i) और (iv) के तहत एक माना जाए तो क्या यह *मामला मन्नी लाल* के मामले (ऊपर) के अनुपात में आएगा। न्यायालय ने [1976] 1 एस.सी.सी. 560 में प्रकाशित *दलीप कुमार शर्मा बनाम मध्य प्रदेश राज्य* में निर्धारित सिद्धांत पर ध्यान दिया, यह अभिनिर्धारित करने के लिए कि दोषमुक्त करने का आदेश, विशेष रूप से मामले के गुणों के आधार पर पारित किया गया आदेश, सभी उद्देश्यों के लिए दोषसिद्धि और सजा को मिटा देता है और इस तरह प्रभावी होता है जैसे दोषसिद्धि और सजा कभी हुई ही नहीं थी और दोषसिद्धि को रद्द या शून्य करने का आदेश शुरुआत से संचालित होता है। अपराध के लिए दोषसिद्धि को उच्च न्यायालय द्वारा अपील में रद्द करना "दोषसिद्धि को तब नहीं मारता, बल्कि उस आदेश का अंतिम संस्कार करता है जिस की जन्म के समय ही मृत्यु हो गई थी।"

इसके बाद, इस न्यायालय ने *मन्नी लाल* के मामले को संदर्भित किया और उसमें लिए गए विचार के साथ सहमति व्यक्त की, कि, एक बार निर्वाचित उम्मीदवार की अयोग्यता उसके दोषसिद्धि और दो वर्षों के कारावास की सज़ा के कारण हो जाती है, और यह अयोग्यता निर्वाचन की तारीख को एक तथ्य है, तथा उसे बाद में उच्च न्यायालय द्वारा चुनाव याचिका में निर्णय आने से पहले दरकिनार कर दिया जाता है जिस चुनाव याचिका में निर्वाचन को आर.पी.ए की धारा 100(1)(ए) के तहत चुनौती दी गई थी, तो वह चुनाव याचिका विफल होनी चाहिए क्योंकि बरी होने का प्रभाव अयोग्यता को पूरी तरह से और प्रभावी रूप से पूर्वव्यापी रूप से मिटा देने का था जैसे कि यह कभी मौजूद नहीं था। इस से ज्यादा फ़र्क नहीं पड़ता कि नामांकन दाखिल करने और निर्वाचन की तिथि पर एक उम्मीदवार को दोषी ठहराया जा चुका था और वह चुनाव के बाद तब तक बरी हो गया जब तक कि वह उच्च न्यायालय द्वारा चुनाव याचिका में निर्णय की घोषणा की तारीख से पहले था।

*मन्नी लाल* के मामले (ऊपर) में इस बात पर ज़ोर दिया गया कि अयोग्यता के प्रश्न पर उच्च न्यायालय को उस समय राय बनानी थी जब वह चुनाव याचिका में फैसला सुनाने के लिए आगे बढ़ता है और इसलिए, उच्च न्यायालय द्वारा अयोग्यता के तथ्य का फैसला चुनाव याचिका में फैसले की तारीख के संदर्भ में किया जाना था, *विद्या चरण शुक्ला* के मामले (ऊपर) में भी दोहराया गया था। बरी किए जाने का पूर्वव्यापी प्रभाव नामांकनों की जांच के समय भी अयोग्यता को अस्तित्वहीन बना देने का था।

हालाँकि, उस दुविधा पर ध्यान देना उचित है जिसका सामना न्यायालय ने अपने समक्ष दिए गए एक तर्क पर विचार करते हुए किया और जो निर्णय के पैराग्राफ 39 और 40 में उल्लेखित है। एक प्रस्तुति दी गई, क्या होगा यदि किसी उम्मीदवार का नामांकन इस अयोग्यता के कारण खारिज कर दिया जाता है कि किसी अपराध में उस की दोषसिद्धि हो गई है और उसे दो वर्षों या उस से अधिक कारावास की सज़ा दी गई है जो कि एक तथ्य के रूप में नामांकन के जांच की तिथि को मौजूद था और इस आधार पर वह निर्वाचित उम्मीदवार के चुनाव को चुनौती देने के लिए एक चुनाव याचिका लाता है कि उस का नामांकन अनुचित रूप से खारिज कर दिया गया था और यदि चुनाव याचिका की सुनवाई और निर्णय होने तक, चुनाव याचिकाकर्ता की दोषसिद्धि को आपराधिक अपील में दरकिनार कर दिया जाए, तो उसके बाद बरी होने के परिणामस्वरूप, उस की दोषसिद्धि और सज़ा रद्द कर दी जाए और पूर्वव्यापी प्रभाव के साथ मिटा दी जाए और उस का यह प्रस्तुत करना उचित होगा कि उस का नामांकन अवैध रूप से खारिज कर दिया गया था और इसलिए, चुनाव का परिणाम भौतिक रूप से प्रभावित हुआ था और परिणाम दरकिनार किए जाने योग्य था। न्यायालय ने उक्त प्रस्तुति को 'काल्पनिक' करार दिया जिस में एक शैक्षणिक अभ्यास की आवश्यकता है जिस में जाने की आवश्यकता नहीं है। यह ध्यान देने योग्य होगा, जैसा कि *विद्या चरण शुक्ला* के मामले में निर्णय के पैरा 40 में दर्ज किया गया है, कि *मन्नी लाल* के मामले में निर्णय की शुद्धता विवादित नहीं थी और एक बड़ी पीठ द्वारा *मन्नी लाल* के मामले के निर्णय पर पुनर्विचार करने

के लिए कोई अनुरोध नहीं किया गया था। *विद्या चरण शुक्ला* के मामले में अदालत के समक्ष एकमात्र निवेदन यह था कि *मन्नी लाल* के मामले का निर्णय अलग था और इसलिए *विद्या चरण शुक्ला* के मामले के तथ्यों पर लागू नहीं होता था। ऐसी परिस्थितियों में, अदालत ने कहा कि "हम स्टेर डेसिसिस के सिद्धांत का पालन करेंगे और *मन्नी लाल* मामले के निर्णय का पालन करेंगे।"

यह स्पष्ट है कि कानून की स्थिति अलग हो सकती है और *विद्या चरण शुक्ला* के मामले का फैसला करने वाली तीन जजों की पीठ *मुन्नी लाल* के मामले में लिए गए दृष्टिकोण की शुद्धता की जांच करने के प्रश्न पर विचार कर सकती थी अगर यह अनुरोध किया गया होता।

अब हम अपने सामने समाधान के लिए रखे गए तीन मुद्दों से निपटने के लिए आगे बढ़ते हैं।

प्रश्न (1):

आर. पी. ए. की धारा 100 की उप-धारा (1) के खंड (ए) के तहत, उच्च न्यायालय को यह तय करना है कि क्या चुनाव की तारीख को संविधान या आर. पी. ए. के तहत सीट भरने के लिए चुने जाने के लिए निर्वाचित उम्मीदवार योग्य नहीं था या अयोग्य था। यदि उत्तर सकारात्मक है, तो उच्च न्यायालय द्वारा निर्वाचित उम्मीदवार के चुनाव को अमान्य घोषित करना अनिवार्य है। जिस केंद्र बिंदु के संदर्भ में अयोग्यता का प्रश्न निर्धारित किया जाएगा, वह चुनाव की तारीख है।

यह सामान्य बात है कि चुनाव लड़ने का अधिकार एक वैधानिक अधिकार है। इस तरह के अधिकार का प्रयोग करने के पात्र होने के लिए व्यक्ति को क़ानून की शर्तों के अनुसार योग्य होना चाहिए। उसे एसी किसी भी अयोग्यता के अधीन नहीं होना चाहिए जो कि निर्वाचक पद के लिए प्रावधान करने वाले क़ानून द्वारा लगाया गया है। इस प्रकार, कार्यालय का निर्माण

करने वाला विधानमंडल उस कार्यालय के पद के लिए लड़ने या उस पद को धारण करने के लिए उम्मीदवार की पात्रता निर्धारित करने के लिए सशक्त है। संविधान स्वयं इस विषय में अनुच्छेद 191 के उप-अनुच्छेद (1) के खंड (ए) से खंड (डी) द्वारा कुछ अयोग्यताओं को निर्धारित करता है। इस के अलावा, खंड (ङ) के माध्यम से यह अनुमति भी देता है, कि संसद द्वारा बनाई गई किसी विधि द्वारा या उसके अधीन उपबंधित कोई अन्य अयोग्यताएँ भी हो सकती हैं। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 ऐसा ही एक अधिनियम है। यह संसद के सदनों और प्रत्येक राज्य के विधानमंडल के सदनों के चुनाव के संचालन और उन सदनों की सदस्यता के लिए योग्यता और अयोग्यता का प्रावधान करता है।

आर. पी. ए. की धारा 100 की उप-धारा (1) के खंड (घ) के उप-खंड (i) के तहत किसी भी नामांकन की अनुचित स्वीकृति निर्वाचित उम्मीदवार के चुनाव को अमान्य घोषित करने का आधार है। इस प्रावधान को धारा 36 (2) (ए) के साथ पढ़ा जाना चाहिए जो निर्वाचन अधिकारी पर नामांकन पत्रों की जांच करने और किए गए किसी भी नामांकन पर सभी आपत्तियों पर, या स्वयं पाई गईं आपत्तियों पर नामांकन की जांच के लिए निर्धारित तिथि के संदर्भ में निर्णय लेने का दायित्व डालता है। क्या कोई उम्मीदवार योग्य है या योग्य नहीं है या सीट भरने के लिए चुने जाने के लिए अयोग्य है, यह नामांकन की जांच के लिए निर्धारित तिथि के संदर्भ द्वारा निर्धारित किया जाना है। यही केंद्र बिंदु है। चुनावी मैदान में उतरने वाले उम्मीदवारों के नाम और संख्या नामांकन पत्रों की जांच की तारीख पर निर्धारित की जाती है और निर्वाचन क्षेत्र में मतदान होता है। ज़ाहिर है, निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्णय उन तथ्यों पर लिया जाना चाहिए जैसे तथ्य उस दिन मौजूद होते हैं। निर्णय निश्चितता के साथ होना चाहिए। निर्वाचन अधिकारी अपने निर्णय को स्थगित नहीं कर सकता है और न ही उस तारीख के बाद कुछ होने या न होने पर इसे सशर्त बना सकता है। धारा 100(1)(डी)(i) के तहत अधिनियम के उच्च न्यायालय को निर्वाचन अधिकारी द्वारा लिए गए निर्णय की शुद्धता का परीक्षण करना है और यह तथ्य कि क्या किसी नामांकन को धारा 36(2)(ए) में परिभाषित

नामांकन की जांच की तारीख के संदर्भ में अनुचित तरीके से स्वीकार किया गया था। एक चुनाव याचिका की सुनवाई और मुकदमा एक अदालत द्वारा किया जाता है। चुनाव याचिका की कार्यवाही कार्यपालिका द्वारा आयोजित चुनाव कार्यवाही से स्वतंत्र होती है। कल्पना के किसी भी विस्तार से चुनाव याचिका में कार्यवाही को चुनाव के सिलसिले में नहीं कहा जा सकता है। चुनाव याचिका पर सुनवाई करने वाला उच्च न्यायालय निर्वाचन अधिकारी के फैसले या उम्मीदवार के परिणाम की घोषणा के खिलाफ अपील पर सुनवाई नहीं कर रहा है।

